भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 4701
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 22 जुलाई, 2019
31 आषाढ़, 1941 (शक)

इलाहाबाद में विभिन्न किलों का अनुरक्षण

4701. श्रीमती केशरी देवी पटेल:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज (इलाहाबाद) जिले में शंकरगढ़ और श्रंगवेरपुर में स्थित अकबर किला, खुसरो बाग, गढ़वा किला के विकास और अनुरक्षण हेतु कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने के प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) आज तक इस संबंध में की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार के पास उपर्युक्त स्थलों पर अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कोई कार्य योजना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ग): जी. हां। इन स्मारकों में से प्रयागराज जिले में खुसरो बाग और गढ़वा किला भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षित स्मारक हैं। इनके संरक्षण कार्य को आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार नियमित आधार पर किया जाता है और ये भली-भांति परिरक्षित हैं।

(घ) और (ङ): इन स्मारकों को प्रदर्शनीय स्थिति में रखा गया है। इसके अतिरिक्त, इनका ऐतिहासिक और वास्तुविद्यीय महत्व. अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पर्यटकों का ध्यान आकर्षित करता है।